भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 316

(जिसका उत्तर सोमवार, दिनांक 02 फरवरी, 2026/13 माघ, 1947(शक) को दिया जाना है)

दमन और दीव के ऑनलाइन राजस्व अभिलेख

316. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेलः

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दमन और दीव संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन दमन और दीव के राजस्व अभिलेखों को एक सुव्यवस्थित ऑनलाइन डाटाबेस में रखता है;
(ख) यदि हां, तो ये अभिलेख किन-किन वेबसाइट पर उपलब्ध हैं और अभिलेखों की उन श्रेणियों का ब्यौरा क्या है जिनके बारे में सूचना उपलब्ध है;
(ग) यदि नहीं, तो अन्य राज्य सरकारों, जो अपने भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण करने की प्रक्रिया में हैं, की तुलना में दमन और दीव संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के पिछड़ने के क्या कारण हैं;
(घ) क्या वित्त मंत्रालय के अंतर्गत राजस्व विभाग ने उक्त संघ राज्यक्षेत्र में ऑनलाइन राजस्व अभिलेखों की स्थिति का आकलन किया है; और
(ङ) यदि हां, तो ऐसे आकलन में की गई टिप्पणियों का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख) जी हाँ। दोनों श्रेणियों अर्थात कृषिगत और गैर-कृषिगत के लिए भूमि रिकॉर्ड https://sugam.dddgov.in पर उपलब्ध हैं।

(ग) उपर्युक्त के मद्देनज़र प्रश्न नहीं उठता है।

(घ) जी नहीं।

(ङ) उपर्युक्त के मद्देनज़र प्रश्न नहीं उठता है।

*****